मध्याह्न भोजन योजना
Mid Day Meal Scheme

मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण, उ0प्र0

तृतीय तल, अपट्रान भवन, गोमती नगर, लखनऊ

फोन नं0–0522–2308502 ई मेल–lkomdm@gmail.com Website : www.upmdm.org

पत्रांक : म0भो0प्रा0/C-3503/2018–19 दिनाँक : 20 नवम्बर, 2018

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

विषयः प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में संचालित मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन में पारदर्शिता लाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उत्तर प्रदेश शासन, शिक्षा अनुभाग–6 के पत्र संख्याः 2694/79–6–2007 दिनांक 09.10.2007 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में संचालित मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन में पारदर्शिता लाने, इसकी गुणवत्ता बढ़ाने तथा इसके अनुश्रवण हेतु सोशल आडिट की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निमित्त मध्यान्ह भोजन योजना से आच्छादित प्राथमिक विद्यालयों का भ्रमण कर इस सम्बन्ध में अपने प्रेक्षण (Observation) तथा सुझाव देने हेतु निम्नलिखित संस्थाओं को विजिटर्स नामित किया गया हैं :–

1. महिला समाख्या
2. आकांक्षा समिति
3. रोटरी क्लब
4. लाइन्स क्लब
5. इण्डियन मेडिकल एसोशिएसन
6. आर्मी आर्फीसर्स वाइफ वेल्फेयर एसोशिएसन

2. उक्त संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा मध्यान्ह भोजन योजना से आच्छादित प्राथमिक विद्यालयों का भ्रमण किया जाएगा। प्राथमिक विद्यालयों के भ्रमण के दौरान यह लोग मध्यान्ह भोजन योजना से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं यथा–नियमित रूप से मीनू के अनुसार भोजन बनना, बच्चों को पूरी मात्रा में भोजन दिया जाना, भोजन की गुणवत्ता, भोजन निर्माण में साफ–सफाई/सुरक्षा तथा पानी की व्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में विद्यालय में मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन की स्थिति देखेंगें तथा तदोपरान्त इनके द्वारा अपने प्रेक्षण (Observation) तथा सुझावों से सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी को अवगत कराया जाएगा।

3. विजिटर्स को कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

4. उपरोक्त संस्थाओं के अतिरिक्त जिलाधिकारी सम्बन्धित जनपद में कार्यरत अन्य कोई एक प्रतिष्ठित संस्था को अपने स्तर से विजिटर नामित कर सकेंगे।

उपर्युक्त शासनादेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त्।

भवदीय,

(मुमताज अहमद)
वित्त नियंत्रक/प्रभारी निदेशक

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2. आकांक्षा समिति, महिला समाख्या।
3. अध्यक्ष, रोटरी क्लब, लाइन्स क्लब।
4. अध्यक्ष, इण्डियन मेडिकल एसोशिएसन एवं आर्मी आर्फीसर्स वाइफ वेल्फेयर एसोशिएसन।

(मुमताज अहमद)
वित्त नियंत्रक/प्रभारी निदेशक

उत्तर प्रदेश शासन,
शिक्षा अनुभाग–6
संख्याः 2694/79–6–2007
लखनऊ दिनांक 09.10.2007

कार्यालय ज्ञाप

प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में संचालित मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन में पारदर्शिता लाने, इसकी गुणवत्ता बढ़ाने तथा इसके अनुश्रवण हेतु सोशल आडिट की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निमित्त मध्यान्ह भोजन योजना से आच्छादित प्राथमिक विद्यालयों का भ्रमण कर इस सम्बन्ध में अपने प्रेक्षण (Observation) तथा सुझाव देने हेतु निम्नलिखित संस्थाओं को विजिटर्स नामित किया जाता है:–

1. महिला समाख्या
2. आकांक्षा समिति
3. रोटरी क्लब
4. लाइन्स क्लब
5. इण्डियन मेडिकल एसोशिएसन
6. आर्मी आर्फीसर्स वाइफ वेल्फेयर एसोशिएसन

2. उक्त संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा मध्यान्ह भोजन योजना से आच्छादित प्राथमिक विद्यालयों का भ्रमण किया जाएगा। प्राथमिक विद्यालयों के भ्रमण के दौरान यह लोग मध्यान्ह भोजन योजना से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं यथा–नियमित रूप से मीनू के अनुसार भोजन बनना, बच्चों को पूरी मात्रा में भोजन दिया जाना, भोजन की गुणवत्ता, भोजन निर्माण में साफ–सफाई/सुरक्षा तथा पानी की व्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में विद्यालय में मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन की स्थिति देखेंगें तथा तदोपरान्त इनके द्वारा अपने प्रेक्षण (Observation) तथा सुझावों से सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी को अवगत कराया जाएगा। इन संस्थाओं का उत्तरदायित्व मध्यान्ह भोजन योजना की उपादेयता एवं गुणवत्ता को देखना तथा इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी को अपने सुझाव देने का होगा। इन संस्थाओं के अध्यक्ष जनपद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित मध्यान्ह भोजन योजना सम्बन्धी टास्क फोर्स की मासिक बैठक में आमंत्रित सदस्य होंगे।

3. विजिटर्स को काई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

4. उपरोक्त संस्थाओं के अतिरिक्त जिलाधिकारी सम्बन्धित जनपद में कार्यरत अन्य कोई एक प्रतिष्ठित संस्था को अपने स्तर से विजिटर नामित कर सकेंगे।

ह0
(रोहित नंदन)
प्रमुख सचिव

संख्याः /तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. निदेशक, मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण, उ0प्र0, लखनऊ।
2. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
3. अध्यक्ष, महिला समाख्या, आकांक्षा, रोटरी क्लब, लाइन्स क्लब, इण्डियन मेडिकल एसोशिएसन एवं आर्मी आर्फीसर्स वाइफ वेल्फेयर एसोशिएसन।

आज्ञा से,
ह0
(आर.सी.घिल्डियाल)
संयुक्त सचिव